# 'जल स्रोतों के पुनरुद्धार से भूजल स्तर बढ़ेगा, भूमि में नमी से हरियाली बढ़ेगी'

- वाटरशेड महोत्सव का राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह
- 'विलायती बबूल हटाओ-चारागाह बचाओ अभियान में जूलीफ्लोरा को समूल नष्ट करेंगे'

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रदेश में कई स्थानों पर भूजल स्तर काफी नीचे पहुंच गया हैं, भूमि में नमी नहीं होने से वनस्पतियां उत्पादित नहीं हो रही हैं और मिट्टी के निरंतर कटाव से भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। इन परिस्थितियों को देखते हुए हमें बारिश के पानी को एकत्र कर भूजल रिचार्ज बढ़ाने के लिए जल ग्रहण विकास के कार्य करने होंगे।
साथ ही, पेड़-पौधे लगाकर मिट्टी का कटाव रोकने एवं नदियों, तालाबों तथा परम्परागत जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार के कार्य मिशन वॉटरशेड के तहत करने होंगे। इन्हीं लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आज से उण्डवा में राज्यस्तरीय वॉटरशेड महोत्सव एवं मिशन जल ग्रहण पुर्नरुत्थान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है। श्री दिलावर गुरुवार को खैराबाद पंचायत समिति के उण्डवा गांव में वॉटरशेड महोत्सव के राज्यस्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी 159 जल ग्रहण विकास परियोजनाओं में इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर आमजन में जागरूकता पैदा की जाएगी और वॉटर शेड का महत्व समझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों के पुनरुद्धार से भूजल स्तर बढ़ेगा, भूमि में नमी से हरियाली बढ़ेगी और जानवरों के लिए चारा उत्पादित होगा। इससे प्रदेश की तस्वीर भी बदलेगी। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि मिशन जल ग्रहण पुनरुत्थान एवं वाटर शेड महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि विलायती बबूल जूलीफ्लोरा ने प्रदेश में 500 प्रकार की वनस्पतियों को समाप्त कर दिया है, गहरी जड़ें होने के कारण विलायती बबूल प्रतिदिन 30 लीटर पानी सोंखता है और इससे भूजल स्तर काफी तेजी से नीचे जाता है। उन्होंने कहा कि इससे निकलने वाली जहरीली गैसों से बीमारियां फैलती हैं एवं मिट्टी भी अनुपजाऊ हो जाती है। देशी वनस्पतियों को खा रहे इस राक्षस को पूरे प्रदेश से हटाने के लिए विलायती बबूल हटाओ-चारागाह बचाओ अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायतें अपने कोष से पैसा खर्च कर जूलीफ्लोरा को जड़ से उखाड़कर नष्ट करें। उन्होंने कहा कि जहां विलायती बबूल है वहां से उसे समूल नष्ट कर उन जगहों पर चरागाहों का विकास किया जाएगा।

**वर्षों पुरानी पाटली नदी को पुनर्जीवित किया:-** उन्होंने कहा कि नदी, तालाब एवं परंपरागत जल स्रोतों के पुनरुद्धार अभियान के तहत रामगंजमंडी क्षेत्र की वर्षों पुरानी पाटली नदी को पुनर्जीवित किया गया है। इस नदी के पानी से 50 हजार बीघा से अधिक जमीन सिंचित होगी। दिलावर ने कहा कि राजस्थान पहला राज्य है जहां देसी वनस्पतियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बीज बैंक बनाए गए हैं।

उन्होंने इस अवसर पर मोबाईल बीच बैंक मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया। इसके माध्यम से वानस्पतिक बीज बैंकों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हर गांव को स्वच्छ रखने के लिए पंचायतों को प्रतिमाह एक लाख रुपये उपलब्ध कराए हैं। जिन पंचायतों में जनसंख्या अधिक है वहां 5 लाख रुपये तक दिए जा रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि हर गांव में प्रतिदिन झाड़ू लगे और कचरा गाड़ी घरों से कचरा उठाए यह सुनिश्चित किया जाऐं। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और ईमानदारी से कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

वर्षा जल जहां गिरे वहीं एकत्र हो कार्यक्रम में निदेशक जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण मोहम्मद जुनैद ने कहा कि पूरे देश में अकृषि भूमि को कृषि भूमि में परिवर्तित करने, गिरते भू-जल में सुधार एवं किसानों की आय में वृद्धि के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 शुरू की गई है। इसमें भारत सरकार द्वारा पूरे देश में 2000 करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति दी गई है इनमें खैराबाद पंचायत समिति में भी 11 करोड़ रुपए की परियोजना स्वीकृत हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में गंगा नगर एवं बांसवाड़ा को छोड़कर सभी जिलों में 159 परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा जल जहां गिरे वहीं एकत्र करने तथा खेत का पानी खेत में ही रहे इस तर्ज पर वॉटर शेड द्वारा बहते पानी को एकत्र करने के लिए एनीकट, परकोलेशन टैंक जैसी संरचनाओं का निर्माण किया जाता है। उन्होंने कहा कि वॉटरशेड के तहत सिंचाई पानी के लिए तलाई निर्माण एवं चारागाहों का विकास भी किया जा रहा है। साथ ही, किसानों को बीज वितरण एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाने में सहायता देने जैसे कार्य भी किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से पुराने तालाब, बावड़ियां आदि को बचाने का आह्वान किया ताकि भू-जल रीचार्ज हो सकें। भारत सरकार द्वारा इस अवसर पर जल ग्रहण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली वॉटर शेड मिशन की विजेता 15 परियोजनाओं को 20-20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के चेक वितरित किए गऐं।

**शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने किया श्रमदान:-** वॉटरशेड महोत्सव के राज्य स्तरीय शुभारंभ से पहले शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने उण्डवा से साढ़े तीन किलोमीटर तक पदयात्रा करते हुए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के तहत मिनी परकोलेशन टैंक के निर्माण कार्य का श्रमदान कर शुभारंभ किया। दिलावर के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, वॉटर शेड विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गण शामिल थे।

## सार-समाचार

### राशन वितरण में अनियमितता, राशन की दुकान सीज

**कोटा,** (निसं)। जिला रसद अधिकारी द्वारा सांगोद ब्लॉक की ग्राम पंचायत मामौर के ग्राम सलोनिया के राशन डीलर चम्पालाल जाट (पोस कोड 6881) की दुकान के औचक निरीक्षण के उपरांत गंभीर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही की गई है। जिला रसद अधिकारी कुशाल बिलाला ने बताया कि राजस्थान आवश्यक पदार्थ (वितरण एवं विनियमन) आदेश, 1976 की धारा 6 का उल्लंघन मानते हुए, डीलर चम्पालाल का लाईसेंस निलंबित किया गया है। डीलर के विरुद्ध ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के आधार पर विभाग के निरीक्षण दल के प्रातः 11:30 बजे राशन की दुकान पर पहुँचने पर दुकान बन्द पाई गई। दुकान बन्द पाए जाने के संबंध में डीलर ने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि डीलर चम्पालाल जाट द्वारा सितम्बर, अक्टूबर और कुछ मामलों में नवम्बर माह का भी बायोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा) लगवा लिया गया था, परन्तु उपभोक्ताओं को राशन सामग्री (गेहूँ) उपलब्ध नहीं करवाई गई। कई उपभोक्ताओं ने एक से 3 माह तक का राशन नहीं मिलने की शिकायत की। दुकान बन्द होने के कारण भौतिक स्टॉक का अवलोकन नहीं किया जा सका और प्रवर्तन निरीक्षक विशाल मीणा ने दुकान को सीज कर दिया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से राशन वितरण सुनिश्चित करने हेतु डीलर चम्पालाल जाट की दुकान (पोस कोड 6881) को पोस कोड 6680 के डीलर महेंद्रपाल (मामौर) से संलग्न (अटैच) किया गया है। उपभोक्ता अब अपनी राशन सामग्री संलग्न डीलर श्री महेंद्रपाल, मामौर की दुकान से प्राप्त कर सकते हैं।

### चाकूबाजी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा पुलिस टीम ने चाकूबाजी के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 12 नवम्बर को फरियादी अख्तर हुसैन ने नयापुरा थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट मे कहा कि 11 नवम्बर की रात्रि को उसका बेटा नमीर हुसैन मस्जिद चौक पर बैठा हुआ था, इतने में फरदीन उर्फ फज्जु, अयान खान व कालू तीन जने आये और उसके बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया और उससे मारपीट की। रिपोर्ट में कहा कि बीच बचाव के लिये आई उसकी पत्नी से भी हाथापाई कर मौके से भाग गये। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। शहर एसपी ने कहा कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन मे नयापुरा थानाधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनिकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए नेहरू नगर निवासी शाहनवाज उर्फ फरदीन उर्फ फज्जु (25) रज्जा नगर रंगतालाब निवासी अयान खान (20) और रंगतलाब निवासी गोविन्द कुमार उर्फ कल्लु (23) को गिरफ्तार किया।

### गीता के ज्ञान से जीवन को दिशा देने का आव्हान किया

**कोटा,** (निसं)। किशोरपुरा स्थित इस्कॉन केंद्र गोविंद धाम द्वारा वार्षिक आध्यात्मिक महोत्सव 'अभ्युत्थानम' का आयोजन महावीर नगर तृतीय स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के रामशांताय सभागार में किया गया। कार्यक्रम में इस्कॉन के जोनल सुपरवाईजर एवं त्रिदंडी संन्यासी भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज ने गीता के महत्व पर आध्यात्मिक प्रवचन दिया। इस्कॉन के जोनल सुपरवाईजर एवं त्रिदंडी संन्यासी भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज ने अपने प्रवचन में गीता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान में भौतिक प्रगति तो हो रही है, परंतु आध्यात्मिक प्रगति में हम पीछे हैं। उन्होंने कहा, "डिग्री, वैभव और प्रसिद्धि तब तक अधूरी हैं, जब तक उनके साथ कृष्णभक्ति का अंक नहीं जुड़ता।" गीता के उदाहरणों से उन्होंने जीवन की दिशा और उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि "विद्या विनम्रता प्रदान करती है, चेतना जागृत करती है-जिसका आज के समाज में अभाव बढ़ता जा रहा है।" सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-मायापुरवासी प्रभुजी ने बताया कि कार्यक्रम में कृष्णमय रॉक कीर्तन की प्रस्तुति हुई, गिटार पर रिषभ सोनी के 'हरे कृष्णा' कीर्तन और गोविंद माहेश्वरी के 'नंदलाला गोविंदा भजनों ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया। हरे कृष्णा...जय जगन्नाथ के जयघोषों से पूरा सभागार गूंज उठा।

### 'सभी जिला स्तरीय कार्यालयों के कार्मिक अपना गणना प्रपत्र ऑनलाईन भरें'

**कोटा,** (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष समारिया द्वारा कोटा जिले में विभिन्न जिलास्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में पदस्थापित अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने गणना प्रपत्र ऑनलाईन भरने के संबंध में दिए गए निर्देशों के बाद गुरुवार को सभी कार्यालयों के तकनीकी कार्मिकों एवं मास्टर ट्रैनर को गणना प्रपत्र ऑनलाईन भरने के संबंध में डीओआईटी के अधिकारियों द्वारा वीसी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को जिले में पदस्थापित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय कार्मिकों के गणना प्रपत्र ऑनलाईन करने के लिए निर्देशित किया है। पदस्थापित समस्त कार्मिकों के गणना प्रपत्र ऑनलाईन भरवाकर इसकी सूचना गूगल शीट पर अपडेट करने के निर्देश भी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले के सभी कार्यालाध्यक्षों, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जारी किए गए हैं।

### निगम के अधिकारी-कर्मचारी स्वयं भरेंगे एसआईआर फॉर्म

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा के अधिकारी और कर्मचारी मतदाता सूचियां के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत स्वयं व परिवार के फॉर्म खुद ऑनलाईन करेंगे। एसआईआर के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने यह पहल की है। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि इन दिनों प्रदेशभर में मतदाता सूचियां का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन में निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी अपना योगदान दें इसके लिए उनसे स्वयं तथा अपने परिवार के आवेदन ऑनलाईन करने का आग्रह किया गया। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के विशेष प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गई है। इसी के तहत गुरुवार से प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यशाला के तहत विभिन्न अनुभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को ऑनलाईन फॉर्म भरने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मेहरा ने बताया कि गुरुवार को दो सत्रों में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिनमें 100 से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### गायत्री परिवार ट्रस्ट का पुनर्गठन, गुर्जर ट्रस्टी बने

**छबड़ा** (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में संचालित गायत्री मंदिर के ट्रस्ट का पुनर्गठन सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी की आकस्मिक निधन के कारण छीतरलाल गुर्जर को सर्वसहमति से मुख्य प्रबन्धक ट्रस्टी बनाया गया। शांति कुंज हरिद्वार के पर्यवेक्षक प्रभाशंकर दुबे की उपस्थिति व उप जोन कोटा के समन्वयक रामरतन नरवर व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक चन्द्रप्रकाश सांखला ने पुनर्गठन प्रक्रिया सम्पन्न करवाई। यहां सहायक प्रबन्धक ट्रस्टी ओमप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष गंगाधर मौर्य के साथ निरंजन शर्मा को ट्रस्टी व प्रीतमसिंह मेहता, पन्नालाल नागर, प्रेमचन्द धनोरिया, हरिओम सेन, कन्हैयालाल प्रजापति सहित नौ लोगों को ट्रस्ट में शामिल किया गया है। नव निर्वाचित मुख्य प्रबन्धक ट्रस्टी छीतर लाल गुर्जर ने कहा कि गायत्री परिवार अपने मिशन के कार्यों को लगातार आगे बढता रहेगा।

### कृषि आउटरीच कार्यक्रम आज

**कोटा,** (निसं)। जिले के अग्रणी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 14 नवम्बर (शुक्रवार) को कैथून की मवासा ग्राम पंचायत में कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी देना, कृषि ऋण वितरण एवं अन्य बैंकिंग उत्पादों से लाभान्वित करना है। कार्यक्रम में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी लोन, मुर्गी पालन, चावल मील, गोल्ड लोन तथा कुसुम योजना (सौर संयंत्र) सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, इच्छुक किसानों से ऑन-द-स्पॉट आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। यह एग्री आउटरीच कार्यक्रम किसानों को बैंक की योजनाओं से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## गणना प्रपत्र ऑनलाईन भरने की जानकारी दी

**कोटा,** (निसं)। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के तहत अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरुवार को मेडिकल कॉलेज, कोटा में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला का आयोजन नोडल अधिकारी उप निदेशक, प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रोग्रामर गोविन्द सोनी, सूचना सहायक सुरेन्द्र कुमार तथा मास्टर ट्रेनर जहूर अहमद द्वारा ऑनलाईन गणना प्रपत्र भरने की पूरी प्रक्रिया का विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ सरल, स्पष्ट एवं समझने योग्य तरीके से समझाई गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को अपने लॉगिन पोर्टल से स्वयं एवं अपने परिवारजनों की जानकारी समय पर अपडेट करना आवश्यक है। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ.संगीता सक्सेना ने कहा कि यह अभियान मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में इस प्रकार की जागरूकता कार्यशालाएं लगातार आयोजित की।

## जनजातीय गौरव पखवाड़ा के आयोजन हुआ

**कोटा,** (निसं)। कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के संघठक महाविद्यालय कृषि महाविद्यालय, उम्मेंदगंज-कोटा में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती एंव जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन 13 नवंबर 2025 को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरू डॉ. विमला डूंकवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में कोटा विश्वविद्यालय के कुलसचिव राजपाल सिंह मुख्य अतिथि तथा डॉ.अरविन्द कुमार सक्सेना, सेवानिवृत आचार्य कोटा विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विरेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए जनजातीय गौरव भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा किये गए जन कार्यो का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि राजपाल सिंह ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्रों एवं शिक्षकों को भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का आव्हान किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य पर ध्यान रखते हुए देश के विकास में योगदान देने के लिए कहा। कुलगुरू डॉ.विमला डूंकवाल ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन मे जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए छात्रों को समर्पण, निष्ठा एवं अनुशासन के साथ अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने सभी को सनातन संस्कृति से परिचित होकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष से प्रेरित होकर उनके समर्पण एवं संघर्ष को याद रखने की अपील की। डॉ.अरविन्द कुमार सक्सेना ने अपने व्याख्यान मे भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन संघर्ष, उनके सामाजिक योगदान तथा उनके नेतृत्व में चले जनआंदोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का विस्तृत वर्णन किया। कुलगुरू ने महाविद्यालय की सभी इकाईयों तथा नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया।

## नानी बाई के मायरे की कथा में भक्त भाव विभोर हुए, भजन संध्या कल

**कोटा,** (निसं)। श्री राधा माधव सेवा समिति, श्री राधा माधव मंदिर रिद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी के प्रांगण में मंगल परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में छबड़ा से पधारे रमेश महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत रात्रि को नानी बाई के मायने का आयोजन भी निरंतर हो रहा है, जिसमें देर रात तक भक्त बड़े ही शालीन भाव से कथा का आनंद ले रहे हैं।

कथा व्यास रमेश भार्गव द्वारा नरसी जी की जन्म गाथा, तीन जन्म की कथा एवं परिवार के द्वारा प्रताड़ित होने पर नरसी जी ने जूनागढ़ के तलाजा गांव में भगवान शंकरजी को पूजा-अर्चना करके प्रसन्न किया और उन्होंने अपनी भक्ति भाव से शिवजी के साथ चलकर वृंदावन में श्री ठाकुरजी का दर्शन किया।

राधा और कृष्ण का महाराज का दर्शन करके श्री कृष्ण द्वारा नरसी जी ने राग केदार और खड़ताल आदि स्वीकार की।

उन्होंने अपनी भक्ति में भाव विभोर होकर अपने पिता की संपत्ति को 12 वर्षों में लुटा दिया, इस वजह से भगवान श्रीकृष्ण ने उनको अपना मित्र बना लिया, उन्होंने द्वारका में नरसी द्वारा भेजे हुए संतों की हुंडी स्वीकार की आदि, कथाओं को भार्गवजी ने अपने श्री मुख से सुनाया।

अंत में सुंदर भजनों के द्वारा सबको मंत्र मुक्त कर दिया। कौशल किशोर मंगल ने बताया कि 15 नवम्बर तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं नानी बाई का मायरा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

कथा प्रतिदिन दोपहर 12.00 से 4.00 बजे तक एवं नानी बाई का मायरा सायं 7.00 से 10.00 बजे तक होगा। एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या का आयोजन 15 नवम्बर को रात्रि 8 बजे होगा। 16 नवम्बर को ग्यारस उद्यापन, पूणार्हुति एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी

- अतिक्रमण टीम द्वारा स्टिल ब्रिज कोटड़ी पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए ठेले व बोडियों को हटाया गया

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा के आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि नगर निगम एक हो जाने के बाद नगर निगम की अतिक्रमण टीम सक्रिय होकर लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रही हैं।

टीम के द्वारा कैथून नगर पालिका क्षेत्र एवं श्रीनाथपुरम अग्निशमन कार्यालय के आस पास हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को तरूण कांत सोमानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में प्रभारी तोसिब खान सहप्रभारी हनुमान राम एवं अतिक्रमण जाप्ता प्रभारी संजीव कुमार एवं अतिक्रमण दस्ता प्रभारी नरेन्द्र शाक्यवाल व मुकेष तवर सहित द्वारा मय संबंधित थाने के जाप्ते सहित अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया।

अतिक्रमण टीम द्वारा कैथून नगर पालिका क्षेत्र में संकड़े मार्ग को चौड़ा करने के उद्देश्य से मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई इस कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या अथवा स्थनीय निवासियों के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा दुकानों के बाहर लगे ठेले व भोजनालयों को हटवाया गया एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण टीम द्वारा श्रीनाथपुरम अग्निषमन कार्यालय के आसपास का अतिक्रमण हटाया और अलाउद्दीन पार्क के बाहर से पुनः लगे ठेले वाालों को हटाया गया अतः बक् चौराहे से स्लिप लेन से गाड़ियां हटाई गई और बक् से लेकर गुमानपूरा से घोड़ा वाले बाबा चौराहे तक मुनादी की गई मीरा मार्केट और केषवपुरा में मुनादी की गई। अतिक्रमण टीम द्वारा स्टिल ब्रिज कोटड़ी पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए ठेले व बोडियो को हटाया गया अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## निगम आयुक्त ने आश्रय स्थल का निरीक्षण किया

**कोटा** (निसं)। नगर निगम कोटा के आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने गुरूवार को न्यू मेडिकल कॉलेज स्थित स्थाई आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रय स्थल संचालक को रात को खुले में सोने वाले लोगों को आश्रय स्थल तक लाने तथा उन्हें सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त मेहरा गुरूवार दोपहर अचानक आश्रय स्थल पहुंचे। उन्होंने वहां सफाईए आश्रय लेने आने वाले व्यक्तियों के लिए रजाई.बिस्तर की सुविधा तथा उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइंस के अनुरूप अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने रजिस्टर चेक कर आश्रय लेने आ रहे लोगों की संख्या की जानकारी की। आश्रय स्थल की क्षमता की तुलना में कम लोगों के आने पर मेहरा ने संचालक से कहा कि अब सर्दी का दौर प्रारंभ हो चुका है। न्यू मेडिकल कॉलेज में संभाग के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग भी उपचार करवाने आते हैं। उनके साथ तीमारदार भी होते हैं। इसके बावजूद आश्रय स्थल में कम लोग आ रहे हैं। उन्होंने आश्रय स्थल संचालक को पाबंद किया कि वे रात के समय न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में खुले में सो रहे लोगों को आश्रय स्थल आने का आग्रह करें।

इसके साथ ही उन्होंने आश्रय स्थल संचालक को सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइंस के अनुरूप हीटरए टीवी व अन्य सुविधाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सत्यनारायण राठौर भी उनके साथ रहे।

**अन्नपूर्णा रसोई का लिया फीडबैक:-** आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने अस्पताल परिसर स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां भोजन कर रहे लोगों से भोजन को लेकर फीडबैक भी लिया। लोगों ने भोजन की गुणवत्ता को सही बताया। आयुक्त ने संचालक को गाइडलाइंस के अनुरूप भोजन की गुणवत्ता और मात्रा सुनिश्चित करनेए रसोई में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आमजन से निर्धारित राशि ही लेने के लिए पाबंद किया।

